**आकाशवाणी शिमला**

**11.10.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे**

**मुख्य समाचार**

- **मुख्यमंत्री ने प्रदेश के सरकारी कर्मचारियों व पैंशनरों को लंबित 4 प्रतिशत महंगाई भत्ता देने का किया ऐलान।**
- **नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर का आरोप– नाकामी छुपाने के लिए तानाशाहीपूर्ण रवैया अपना रही कांग्रेस सरकार।**
- **अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस पर प्रदेश में हुए कई कार्यक्रम– बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ का दिया गया संदेश।**
- **राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने लोगों को दी दशहरा पर्व की बधाई– 13 अक्तूबर से शुरू होगा कुल्लू का अंतर्राष्ट्रीय दशहरा उत्सव।**

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्रदेश के सरकारी कर्मचारियों और पैंशनरों को एक जनवरी 2023 से लंबित 4 प्रतिशत महंगाई भत्ता देने की घोषणा की है। शिमला में आज एक पत्रकार सम्मेलन में उन्होंने कहा कि इससे करीब एक लाख 80 हज़ार कर्मचारियों और लगभग एक लाख 70 हज़ार पैंशनरों को लाभ मिलेगा। उन्होंने ओ.पी.एस. के दायरे से बाहर एन.पी.एस. अधिकारियों और कर्मचारियों के देय महंगाई भत्ते के भुगतान का भी ऐलान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस फैसले से सरकारी कोष पर 6 सौ करोड़ रूपये का भार पड़ेगा। उन्होंने कर्मचारियों और पैंशनरों के लंबित मैडिकल बिलों का तुरंत भुगतान करने का ऐलान भी किया। मुख्यमंत्री ने आगामी दीपावली त्यौहार को देखते हुए नवम्बर में दिए जाने वाले वेतन व पैंशन का भुगतान इसी महीने की 28 तारीख को करने की घोषणा भी की। उन्होंने एक बार फिर दोहराया कि प्रदेश में किसी भी तरह का आर्थिक संकट नहीं है और वित्तीय स्थिति पहले से बेहतर हो रही है। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आरोप लगाया कि आर्थिक स्थिति के मामले में विपक्ष बेवजह कांग्रेस सरकार की छवि खराब कर रहा है।

**प्रतिक्रिया**

इस बीच विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश कांग्रेस सरकार केंद्र द्वारा एडवांस में दी गई राज्य कर की हिस्सेदारी से एडवांस वेतन देने का दावा कर रही है। उन्होंने कहा कि वित्त मंत्रालय ने पिछले कल ही कर ही हिस्सेदारी के तहत प्रदेश को एक हज़ार 4 सौ 79 करोड़ का भुगतान किया गया है। जयराम ठाकुर ने इस बात पर हैरानी जताई कि मुख्यमंत्री केंद्र सरकार के सहयोग के दम पर एडवांस वेतन देने की बात कर रहे हैं लेकिन इस सहयोग के लिए केंद्र सरकार का कोई आभार नहीं जताया गया है।

**जयराम**

वहीं दूसरी ओर एक अन्य बयान में जयराम ठाकुर ने प्रदेश कांग्रेस सरकार पर अपनी नाकामी छुपाने के लिए तानाशाहीपूर्ण रवैया अपनाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा कथित तौर पर पत्रकारों की आवाज़ को दबाने का प्रयास किया जा रहा है और उन पर मुकद्दमे दर्ज किए जा रहे हैं। जयराम ठाकुर ने कहा कि लोकतंत्र में अस्थायी विपक्ष कहे जाने वाले मीडिया के प्रति इस तरह का रवैया अत्यंत दुखद और शर्मनाक है। उन्होंने कहा कि सरकार के तानाशाहीपूर्ण रवैये के

खिलाफ अब प्रदेश में हर व्यक्ति और हर वर्ग आवाज़ उठाएगा। इसके साथ ही जयराम ठाकुर ने पत्रकारों पर अब तक दर्ज हुए मामलों को वापिस लेने सहित जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता देने की सलाह दी है।

## जगत सिंह नेगी

बागवानी व जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने किन्नौर ज़िला प्रशासन को सर्दियों के दौरान होने वाली बर्फबारी के चलते सभी आवश्यक प्रबंध तय समय में पूरा करने के निर्देश दिए हैं। रिकांगपिओ में एक बैठक में उन्होंने कहा कि ज़िले का काफी बड़ा भाग सर्दियों में बर्फबारी से प्रभावित रहता है जिसमें जानमाल के नुकसान की संभावनाएं भी रहती हैं। उन्होंने इन परिस्थितियों को देखते हुए सभी विभागों को आपसी तालमेल के साथ तैयार रहने के निर्देश दिए। इस बीच जगत सिंह नेगी ने राज्य स्तरीय किन्नौर महोत्सव के आयोजन को लेकर भी बैठक की। ये महोत्सव 30 अक्तूबर से 2 नवम्बर तक आयोजित किया जाएगा।

## राजेश धर्माणी

तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने आज बंगलुरू के एन.टी.टी.एफ. के सैंटर ऑफ एक्सीलेंस का दौरा कर विभिन्न पाठ्यक्रमों की जानकारी ली। उन्होंने संस्थान के प्रबंध निदेशक बी.वी.सुदर्शन से कई पाठ्यक्रमों को लेकर विचार–विमर्श भी किया। उन्होंने कहा कि हिमाचल में युवाओं को रोज़गार और स्वरोज़गार के अवसरों के लिए तैयार रहने के उद्देश्य से बाज़ार की मांग के अनुरूप प्रशिक्षण दिया जा रहा है। राजेश धर्माणी ने बंगलुरू में एक फार्मा संस्थान का भी दौरा किया और कहा कि राज्य सरकार हिमाचल को देश का फार्मा हब बनाने की दिशा में कार्य कर रही है और इससे फार्मेसी के बच्चों को रोज़गार के अवसर उपलब्ध होंगे।

## निधन

प्रदेश के प्रसिद्ध शहनाई वादक सूरजमणि का बीती रात निधन हो गया। वे मंडी ज़िले के चच्योट क्षेत्र से संबंध रखते थे और उन्हें हिमाचल के बिस्मिला खां के नाम से जाना जाता था। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने उनके निधन पर शोक जताते हुए कहा कि सूरजमणि ने देश–विदेश में अपनी कला की छाप छोड़ी है। विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कहा कि सूरजमणि के निधन से प्रदेश ने एक बड़ा कलाकार खोया है, जिसकी भरपाई असंभव है।

## बालिका दिवस

अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के मौके पर आज देश सहित प्रदेश में भी कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। ये दिन लड़कियों की लैंगिक समानता, शिक्षा और अवसरों के महत्व को रेखांकित करता है। बालिका दिवस के अवसर पर चंबा में एक कार्यक्रम में विधायक नीरज नैय्यर ने कहा कि वर्तमान में बालिकाओं व महिलाओं के प्रति भेदभाव के खिलाफ जागरूकता बढ़ने से समाज में सार्थक परिणाम निकले हैं। धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम में उपायुक्त हेमराज बैरवा ने बताया कि कांगड़ा ज़िले में लिंगानुपात के सुधार पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इसके लिए ग्रामीण स्तर तक जागरूकता बढ़ाने के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को मिशन मोड़ में कार्य करने को कहा गया है। अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर सोलन में उपस्थित लोगों को बेटियों की सुरक्षा की शपथ दिलाई गई। इधर मंडी में बालिका दिवस के मौके पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

**बधाई**

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल और मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्रदेशवासियों को दशहरा उत्सव की बधाई दी है। राज्यपाल ने उम्मीद जताई कि बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक ये पर्व प्रदेशभर में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। अपने बधाई संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि दशहरा पर्व हमारे नैतिक मूल्यों और परंपराओं को मज़बूती प्रदान करता है। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया, विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने भी दशहरा उत्सव के अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं।

**कुल्लू दशहरा**

इस बीच कुल्लू का अंतर्राष्ट्रीय दशहरा उत्सव 13 से 19 अक्तूबर तक मनाया जाएगा। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल उत्सव का शुभारंभ करेंगे, जबकि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू समापन अवसर पर मौजूद रहेंगे। मुख्य संसदीय सचिव व कुल्लू दशहरा कमेटी के अध्यक्ष सुंदर सिंह ठाकुर ने बताया कि इस बार उत्सव के लिए 3 सौ 32 देवी–देवताओं को निमंत्रण पत्र भेजे गए हैं। उन्होंने कहा कि दशहरा उत्सव के दौरान 25 देशों के सांस्कृतिक दल जहां अपनी प्रस्तुतियां देंगे, वहीं विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाएगा। ज़िला प्रशासन द्वारा उत्सव को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

**विनय कुमार**

विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार ने कहा है कि राज्य सरकार हिमाचल को खेल भूमि बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। सिरमौर ज़िले में रेणुका क्षेत्र के कैंथघाट में आज एक मेले के समापन अवसर पर उन्होंने युवाओं से खेलों में बढ़चढ़ कर भाग लेने का आह्वान किया। विनय कुमार ने कहा कि मेलों के दौरान होने वाली खेलकूद प्रतियोगिताओं से ग्रामीण क्षेत्र के युवा खिलाड़ियों को भी अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है। इस बीच मुख्य संसदीय सचिव संजय अवस्थी ने कहा है कि मेले व उत्सव हमारी समृद्ध संस्कृति व परंपरा के परिचायक होते हैं। सोलन ज़िले में अर्की विधानसभा क्षेत्र के जखौली में अष्टमी मेले के समापन पर उन्होंने कहा कि अर्की क्षेत्र का सुनियोजित विकास उनका लक्ष्य है और इस दिशा में हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।

**रिज़र्व बैंक**

रिजर्व बैंक ने बैंकों, गैर–बैंकिंग ईकाइयों सहित सभी भुगतान सेवा प्रदाताओं को डिजिटल भुगतान सेवा में दिव्यांगजनों की सुविधा का ध्यान रखने के निर्देश दिए हैं। बैंक ने एक बयान में कहा है कि भुगतान सेवा प्रदाता सभी डिजिटल भुगतान इकाई जैसे प्वाइंट ऑफ सेल मशीन को दिव्यांग अनुकूल बनाने के लिए जरूरी बदलाव करें। रिजर्व बैंक ने यह भी कहा है कि वित्त मंत्रालय द्वारा दो फरवरी 2024 को जारी मानक और दिशा–निर्देश का सभी भुगतान सेवा प्रदाता कम्पनी पालन करें।

**विजिलेंस**

विजिलेंस विभाग की एक टीम ने आज चंबा के नगर परिषद कार्यालय में छापेमारी की है। अनियमितता से संबंधित एक शिकायत के बाद विभाग ने कार्यालय के रिकॉर्ड को खंगाल कर कागज़ात अपने कब्ज़े में ले लिए हैं। विजिलेंस विभाग के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु वर्मा ने बताया कि नगर परिषद के अधीन कूड़ा संयंत्र संचालित करने के आबंटित ठेके में अनियमितताएं और मनमाने ढंग से सामान की खरीद फरोख्त की शिकायत पर ये कार्रवाई की गई है।